>

Title: Need to issue smart cards to BPL families under Rashtriya Swsathya Bima Yojana in Pratapgarh parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को किसी भी अस्पताल में 30 हजार रूपये तक इलाज कराने के लिए एक स्मार्ट कार्ड दिया जाता है। खेद के साथ सदन को सूचित कर रही हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में यह स्मार्ट कार्ड नहीं मिले हैं और बीमार रहने पर उनका स्मार्ट कार्ड के अभाव में इलाज नहीं हो पा रहा है इससे कई लोग इलाज के अभाव में मौत के मुंह में जा रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के लोग मेरे भ्रमण कार्यक्रम के दौरान इस प्रकार की शिकायत कर रहे हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में उपरोक्त स्मार्ट कार्ड पात्र लोगों को जारी किए जाए जिससे यह भारत सरकार की नीतियों का फायदा उठा सकें।